*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया उदघाटन

## उदघाटकीय फुटबॉल मैच में कुलपति एकादश टीम रही विजेता

वर्धा दि. 02 फरवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में मंगलवार को खेल प्रतियोगिता 2016 का उदघाटन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी फुटबॉल मैच में कुलपति एकादश की टीम ने रोमांचक जीत हासिल कर 4-1 से गोल दागकर अपनी विजय दर्ज की। खेल प्रतियोगिता का उदघाटन मंलवार को प्रात- 9.00 बजे विश्वविद्यालय के ध्यानचंद क्रीडा प्रांगण किया गया।



उदघाटन समारोह में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, कवि बुद्धिनाथ मिश्र, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के प्रो. देवराज, खेल समिति के प्रभारी डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार कौल, प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृपा शंकर चौबे, स्त्री



अध्ययन विभाग की प्रभारी डॉ. सुप्रिया पाठक, डॉ. गोपाल ठाकुर, भाषा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल पांडे, डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. धूपनाथ प्रसाद, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. रवि कुमार, सुरभि विप्लव, अविचल गौतम, अश्विनी कुमार सिंह, डॉ. गोटे, बी. एस. मिरगे सहित छात्र-छात्राएं एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। खेल प्रतियोगिता में बैडमिंटन, क्रिकेट, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, शतरंज, टेबल टेनिस तथा योग आदि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने सभी खिलाडियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा सलामी भी दी गयी। उदघाटन वक्तव्य में कुलपति ने कहा कि खेल के लिए अलग से विभाग बनाया जाएगा और खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, अध्यापक, अधिकारी एवं समस्त कर्मियों में खेल भावना के प्रति उत्साह को देखते हुए एक नया इंडोर स्टेडियम बनाने की दिशा में विश्वविद्यालय प्रयासरत है। स्वागत वक्तव्य डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने दिया। उन्होंने खेल के लिए आवश्यक सुविधाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए विश्वविद्यालय में खेल भावना को विकसित करने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपेक्षा व्यक्त की।

कुलपति एकादश टीम में कप्तान के रूप में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र तथा उपकप्तान के रूप में डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी के अलावा डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. निशीथ राय, डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. संदीप सपकाले, रवि शंकर सिंह, डॉ. शिव सिंह बघेल, डॉ. सुशील विश्वकर्मा, अंजनी राय, डॉ. नारायण सिंह,

डॉ. सेराज अहमद अंसारी, लेखराम दन्नाना और डॉ. हिमांशु शेखर टीम में शामिल थे। कुलसचिव एकादश की टीम में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ. राजेश्वर सिंह, कमल शर्मा, संजय तिवारी, सचिन कुंभलकर, पंकज पाटील, विवेकानंद राय, सुधीर ठाकुर विजय सिंह, मनोज ठाकुर तथा पुष्कर सिंह शामिल थे।

कुलपति एकादश और कुलसचिव एकादश के बीच हुए उदघाटकीय फुटबॉल मैच में कुलपति एकादश ने चार गोल दाग कर जीत हासिल की वहीं कुलसचिव एकादश की टीम मात्र एक गोल दर्ज कर सकी। उदघाटन समारोह का संचालन शोधार्थी संजीव झा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने प्रस्तुत किया। फुटबॉल मैच में रेफरी का कार्य नितेश गाजले, गौरव वाघ और अश्वदीप सातपुते ने किया। कंमेंट्रेटर की भूमिका संजीव झा और सहायक प्रोफेसर डॉ. गोपाल राम ने निभाई। सफलता हेतु राजीव पाठक, राजदीप राठौर, अश्विनी श्रीवास, सचिन,